COMMON PRE-BOARD EXAMINATION 2025-26

Subject: HINDI –B (085)

Class - X

SET-3

**समय-3 घण्टे** **पूर्णांक-80**

---

1 इस प्रश्न पत्र में चार खंड(क,ख,ग,घ) और कुल 15 प्रश्न हैं |

2 सभी प्रश्न और निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए |

3 प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए और यथासंभव उत्तर क्रम से लिखिए |

---

## खंड क (अपठित गद्यांश )

प्रश्न1अ .नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर दीजिए | 1+1+1+2+2=7

व्यक्ति की दो मूलभूत आदतें होती हैं | एक तो यह कि लोग हमारे गुणों की प्रशंसा करें और हमारा आदर करें तथा दूसरे वे हमसे प्रेम करें | हमारी अनुपस्थिति में हमारा अभाव महसूस करें और ऐसा लगे कि उनके जीवन में हम कुछ महत्व रखते हैं | इस प्रकार की प्रवृत्तियाँ मनुष्य के जीवन में आगे बढ़ने और कुछ ना कुछ करने के लिए निरंतर प्रेरित करती रहती हैं| आपके ज़रा से भी कार्य की यदि सच्चे दिल से प्रशंसा की जाए तो आपका दिल कैसे खिल जाता है| इसके अलावा यदि कोई आपकी सलाह को दिल से स्वीकार करके उस पर अमल करने लगता है तो आपका मन फूला नहीं समाता | कोई भी व्यक्ति कितना भी अपने आप में आत्मविश्वासी और आत्म संतुष्ट क्यों ना दिखाई दे, अंदर से वह हमारी आपकी तरह तारीफ व प्रशंसा का , प्रोत्साहन का तथा स्नेह का भूखा होता है | व्यवहार कुशलता का पहला लक्षण यही है कि आप दूसरों की भावनाओं को ठीक-ठाक समझें ,उनकी कद्र करें | इसी से सामाजिक जीवन में व्यक्ति विशेष की लोकप्रियता का दरवाज़ा खुलता है | मन को संतोष मिलता है|

क) व्यक्ति को कौन सी मूल प्रवृत्तियाँ भाती हैं ?

1 कमियों को दूर करने का सुझाव और मन का संतोष |

2 व्यवहार -कुशलता स्नेह, मन का संतोष और आत्म गौरव |

3 गुणों की प्रशंसा, सम्मान ,अनुपस्थिति में उसकी कमी महसूस करना |

4 गुणों की प्रशंसा किंतु अनुपस्थिति में उसकी कमी महसूस ना करना |

ख) आत्म संतुष्ट व्यक्ति भी किस बात का भूखा होता है ?

1 पद तथा पैसे का | 2 सम्मान तथा धन का |

3 प्रेम प्रोत्साहन व प्रशंसा का |     4 यश पद सुख शांति व लाभ का|

ग) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन: आत्म संतुष्ट व्यक्ति भी प्रेरणा प्रेम व प्रशंसा का भूखा होता है|

कारण: इन तीनों के न मिलने पर कई बार वह उदासीन होकर लक्ष्य से भटक जाता है |

विकल्प :

1) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।
2) कथन तथा कारण दोनों गलत है।
3) कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|
4) कथन सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

घ ) व्यक्ति आगे बढ़ने के लिए किस से प्रेरित होता है ? विचार करके लिखिए |

ङ ) जीवन में लोकप्रियता का दरवाज़ा किस प्रकार खुलता है ? स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 1ब .नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के तर्कसंगत उत्तर दीजिए |

1+1+1+2+2=7

अनुशासन जीवन निर्माण का मूल मंत्र है | दृढनिश्चय एवं एकनिष्ठता के बिना अनुशासन संभव नहीं है |केवल रणभूमि में युद्ध लड़ने वाले सैनिकों के लिए ही अनुशासन आवश्यक नहीं , अपितु जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी आवश्यकता है ,चाहे व्यक्ति का जीवन हो ,समाज हो या राष्ट्र हो | फिर जीवन तो कुरुक्षेत्र है जिसमें निरंतर युद्ध एवं संघर्ष चलता ही रहता है | जीवन के कुरुक्षेत्र में अनुशासन विहीन होकर जीना किसी भी प्रकार से श्रेयस्कर नहीं हो सकता| मानव जीवन जिस प्रकृति का अंग है , जिसके अंचल में वह पोषण और विकास पाता है , जिसके चक्रवात से घिरा वह तिमिर आलोक प्राप्त करता है | वह प्रकृति भी एक अनुशासन में चलती है और एक शिक्षिका की भाँति मानव को भी अनुशासन का अनुवर्तन कराती है | " हुकुम बिना ना पाता" युक्ति प्रकृति की इस अनुशासन बद्धता की ओर संकेत करती है | अनुशासन शब्द का अर्थ है - किसी एक शासन ,आज्ञा , नियम अथवा नियंत्रण का अनिवार्य रूप से पालन | यदि व्यक्ति अपने जीवन में कतिपय निश्चित नियमों का अनुसरण नहीं करता तो जीवन में किसी उच्च लक्ष्य या ध्येय की प्राप्ति नहीं कर सकता | वह जीवन निर्माण में सफल नहीं हो सकता |अनुशासन के लिए यह जरूरी नहीं कि कोई दूसरा व्यक्ति शासन करने वाला हो और हम उसके निर्धारित नियमों का पालन करें , ऐसा अनुशासन तो आरोपित अनुशासन होगा जो किसी व्यक्ति या देश की गुलामी का संकेत करता है | स्वाधीन देश में सच्चा अनुशासन वह है जो नागरिकों के हित के लिए होता है और नागरिक भी स्वेच्छा से उसका पालन करते हैं |

क ) जीवन को कुरुक्षेत्र कहने से लेखक का आशय है कि जीवन में -

1 ) निरंतर पोषण है |

2) निरंतर संघर्ष है |

3) निरंतर अनुशासन है |

4) निरंतर न्याय है |

ख) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढिए और कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन - भारत एक स्वाधीन देश है |

कारण -स्वाधीन देश में ही सच्चा अनुशासन संभव है |

1) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
2) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।
3) कथन तथा कारण दोनों गलत है।
4) कथन तथा कारण सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है|

ग ) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार जीवन निर्माण का मूल-मंत्र क्या है?

1 परिश्रम 2 अनुशासन 3 ईमानदारी 4 यश की प्राप्ति

घ ) लक्ष्य की प्राप्ति में मानव की असफलता का प्रमुख कारण क्या है?

ङ ) मानव के लिए प्रकृति को शिक्षिका क्यों कहा गया है?

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न2.पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4=4

क) विरोध करने वालों में से कुछ व्यक्ति मेरे जानकार हैं |रेखांकित का पदबंध बताइए|

ख) शेर जंगल में दहाड़ता चला जा रहा था |क्रिया पदबंध बताइए|

ग) हमेशा दूसरों की भलाई करने वाले परोपकारी होते हैं |रेखांकित का पदबंध बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए |

घ) देश पर जान न्योछावर करने वाले सैनिक अनोखे होते हैं | इस वाक्य में विशेषण पदबंध बताइए |

ङ)पहले सत्र की अपेक्षा दूसरे सत्र पाठ्यक्रम सरल नहीं है | रेखांकित का पदबंध बताइए |

प्रश्न 3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित निम्नलिखित पांच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

1x4 =4

क) इस गंभीर मुद्दे पर उनकी राय आवश्यक थी | |( संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख) कक्षा में फेल होने के बाद वह और भी दब्बू हो गया | ( वाक्य भेद बताइए)

ग) यद्यपि मैंने कड़ी मेहनत की फिर भी सफल नहीं हुआ |( संयुक्त वाक्य में बदलिए)

घ) जब तक कड़ी मेहनत नहीं करोगे तब तक प्रथम नहीं आ सकोगे | ( सरल वाक्य में बदलिए)

ङ) वह मेहनती है अतः पराजय स्वीकार नहीं करता |( वाक्य भेद बताइए)

प्रश्न4.समास पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 1x4 =4

क)'कापुरुष ' समस्त पद का विग्रह और समास का नाम लिखिए |

ख)' दहीबड़ा ' समस्त पद का विग्रह और समास भेद लिखिए |

ग) 'पुराण पुरुष ' समस्त पद का विग्रह और समास का नाम लिखिए |

घ)' नरसिंह ' समस्त पद का विग्रह कर समास भेद लिखिए

ङ) अव्ययीभाव समास की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण दीजिए |

प्रश्न5.मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए| 1x4 =4

क) मेरे दरजे में आओगे तो -------------- आ जाएगा | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

ख) पुलिस के लाठी चार्ज करते ही भीड़ -------------गई | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

ग)'प्रतीक्षा करना 'अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए |

घ)'पापड़ बेलना ' मुहावरे का अपने वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए|

ङ) छोटे की लापरवाही देखकर बड़े भाई साहब ने उसे ---------लिया | उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

**खंड ग (पाठ्यपुस्तकीय प्रश्न )**

प्रश्न 6 .निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर छाँटकर लिखिए | 1x5=5

दैव ना करें , आज मैं बीमार हो जाऊँ तो तुम्हारे हाथ पाँव फूल जाएँगे | दादा को तार देने के सिवा तुम्हें कुछ और ना सूझेगा| लेकिन तुम्हारी जगह दादा हो तो किसी को तार न दें ना घबराए न बदहवास हों |पहले खुद मर्ज पहचान कर इलाज करेंगे उसमें सफल न हुए तो किसी डॉक्टर को बुलाएँगे | बीमारी तो खैर बड़ी चीज है | हम तुम तो इतना भी नहीं जानते कि महीने भर का खर्च महीना भर कैसे चले | जो कुछ दादा भेजते हैं उसे हम 20, 22 तारीख तक खर्च कर डालते हैं और फिर पैसे-पैसे को मोहताज हो जाते हैं | नाश्ता बंद हो जाता है | धोबी और नाई से मुँह चुराने लगते हैं , लेकिन जितना आज हम और तुम खर्च कर रहे हैं उसके आधे में दादा ने अपनी उम्र का बड़ा भाग इज्जत और नेक नामी के साथ निभाया है और कुटुंब का पालन किया है जिसमें सब मिलकर नौ आदमी थे |

क) दैव ना करें , आज मैं बीमार हो जाऊँ तो तुम्हारे हाथ पाँव फूल जाएँगे | बड़े भाई ने छोटे भाई से ऐसा कहा क्योंकि -

1 छोटा भाई डरपोक था | 2 छोटा भाई बहुत छोटा था |
3 छोटे भाई को दुनिया की समझ नहीं थी | 4 छोटा भाई हमेशा पढ़ता रहता था |

ख)पहले खुद मर्ज पहचान कर इलाज करेंगे उसमें सफल न हुए तो किसी डॉक्टर को बुलाएँगे | कथन के माध्यम ज्ञात होता है कि बड़े भाई साहब के दादा-
1 जिम्मेदार अनुभवी और बुद्धिमान थे | 2 जिम्मेदार अनुभवहीन और परोपकारी थे |
3 जिम्मेदार बुद्धिहीन और संवेदनहीन थे | 4 संवेदनशील क्रोधी और उदार थे

ग) गद्यांश के आधार पर बड़े भाई साहब के व्यक्तित्व के बारे में क्या पता चलता है ?
1 वह अनुशासन प्रिय मेहनती और समझदार थे | 2 वह अनुशासनहीन श्रमहीन और पढ़ाकू थे |
3 वे पढ़ाकू हंसमुख और सिद्धांत वादी थे | 4 वे आलसी बुद्धिमान और क्रोधी थे |

घ) लेकिन जितना आज हम और तुम खर्च कर रहे हैं उसके आधे में दादा ने अपनी उम्र का बड़ा भाग इज्जत और नेक नामी के साथ निभाया है | लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना दर्शाता है -

1 जीवन संबंधी अनुभव एवं बुद्धि के महत्व को | 2 पुस्तकीय ज्ञान के महत्व को |
3 सुख समृद्धि के महत्व को | 4 मान सम्मान के महत्व को |

ङ) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |

कथन : बड़े भाई और छोटे भाई को धोबी और नाई से मुँह छिपाने पड़ते थे |

कारण : घर से आए पैसे महीना पूरा होने से पहले ही खत्म हो जाते थे |

1 कथन तथा कारण दोनों गलत है|

2 कथन गलत है लेकिन कारण सही है|

3 कथन सही है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|

4 कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण और कथन की सही व्याख्या करता है|

प्रश्न 7.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर छाँटकर लिखिए | 1x5=5

अब तो बहरहाल , छोटे लडकों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर चिड़ियाँ ही अक्सर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैये |
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद |

क) लड़के और चिड़ियाँ तोप का उपयोग अब खेलने के लिए करते हैं | इस कथन के माध्यम से कवि कहना चाहते हैं -

1 समय हमेशा समान रहता है | 2 शक्तिशाली के भी बुरे दिन आते हैं |
3 शक्तिशाली को कोई नहीं हरा सकता | 4 शक्तिशाली का समय हमेशा बलवान होता है |

ख)'एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद' कथन का आशय है -

1 एक दिन अत्याचारी के अत्याचार का भी अंत होता है | 2 अत्याचारी हमेशा अत्याचार करता है |
3 अत्याचारी से सभी डरते हैं | 4 अत्याचारी का कभी अंत नहीं होता |

ग) छोटे लडकों की घुड़सवारी से अगर यह फारिग हो | से तात्पर्य है _

1 बच्चों की घुड़सवारी से फुर्सत मिलती है ,तो चिड़ियाँ बैठती हैं | 2 चिड़ियाँ गपशप नहीं करती हैं |
3 लोग देखने आते हैं | 4 इसे लोग पसंद करते हैं |

घ) यह पद्यांश हमें सीख देता है -

1 अत्याचारी का अंत नहीं होता है | 2कोई कितना भी शक्तिशाली हो परन्तु उसकी क्रूरता का अंत होता ही है |

3 दुष्ट व्यक्ति सबके लिए खतरनाक होता है | 4 अत्याचारी किसी पर दया नहीं करता |

2 निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए |
कथन : कंपनी बाग़ में रखी तोप आज प्रदर्शन की वास्तु मात्र बनकर रह गई है |
कारण : चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली हो उसके अत्याचारों का अंत अवश्य होता है |
1 कथन गलत है किंतु कारण सही है|
2 कथन और कारण दोनों ही गलत है|

3 कथन सही है और कारण , कथन की सही व्याख्या करता है|
4 कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है |

प्रश्न 8 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 2x3 =6

क) लगातार बढ़ती आबादी ने पर्यावरण को किस रूप में प्रभावित किया है ? ' अब कहाँ दूसरों के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए |

ख) तातँारा और वामीरो की मृत्यु कैसे हुई और उनकी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ? अपने शब्दों में लिखिए |

ग) "हमें सत्य में जीना चाहिए ,सत्य केवल वर्तमान है |" पतझड़ में टूटी पत्तियाँ पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

घ)'तीसरी कसम ' में राज कपूर का महिमामय व्यक्तित्व किस प्रकार हीरामन की आत्मा में उतर गया है ? स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 2x3 =6

क) ' मनुष्यता ' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए ?

ख) आत्मत्राण कविता में कवि ने क्या प्रेरणा दी है ?

ग)'पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश' से कवि का क्या तात्पर्य है |

घ) कबीर की साखी के अनुसार कौन सुखी और कौन दुखी व्यक्ति है ?यहाँ सोना और जागना किनके प्रतीक हैं ?

प्रश्न 10 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए| 3x2=6

क) ' सपनों के से दिन 'पाठ पढ़कर आप किन मूल्यों से परिचित होते हैं ?अपने विवेक के आधार पर लिखिए|

ख) 'टोपी शुक्ला' कहानी सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देती है | आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ?

ग) रिश्तों की गर्मी धूमिल हो सकती है लेकिन मिटती नहीं हरिहर काका पाठ के आधार पर समाज में रिश्तों की अहमियत प्रतिपादित कीजिए |

## खंड – घ (रचनात्मक लेखन )

प्रश्न 11 .निम्नलिखित विषयों में से किसी 1 पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | 5x1=5

क) समाज के नवनिर्माण में साहित्य की भूमिका
- साहित्य से अभिप्राय
- साहित्य समाज का दर्पण
- नवनिर्माण में सहायक
- सकारात्मक प्रभाव

ख) पर्यावरण की रक्षा मानव की सुरक्षा
- मनुष्य प्रकृति का अंग
- पर्यावरण से खिलवाड़
- दुष्प्रभाव ,

- दूर करने के उपाय

ग) अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमकता सितारा -भारत हमारा

- विकास की ओर बढ़ते कदम
- जीवन मूल्यों की पहचान
- भारतीय क्षमता
- सक्षम नेतृत्व

प्रश्न 12 छात्रों में बढ़ रही अनुशासनहीनता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए | (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द) 5x1=5

अथवा

आप विद्यालय की छात्र- परिषद के सचिव हैं |स्कूल के बाद विद्यार्थियों को नाटक का अभ्यास करवाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए | (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)

प्रश्न 13 . आप अ ब स विद्यालय दिल्ली के हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष हैं | आपके विद्यालय में अंतः हाउस हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है| इस संबंध में स्कूल के छात्रों को जानकारी देते हुए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए | 4 x1 =4

अथवा

आप का नाम राकेश शर्मा है दो दिन पहले आपका पुत्र विद्यालय से घर आते हुए लापता हो गया ,गुमशुदा बालक की तलाश हेतु अखबार में प्रकाशित करने के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों लिखिए |

प्रश्न 14 . वृक्षारोपण को बढ़ावा देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | 3x1 =3

अथवा

हाथ में पहनी जाने वाली घड़ी के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए|

प्रश्न 15 . 'वह एक अविस्मरणीय शाम ' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए| 5x1=5

अथवा

आपके मोहल्ले में आए दिन चोरियां हो रही हैं उनकी रोकथाम के लिए थाना अध्यक्ष को इसकी जानकारी देते हुए ईमेल लिखिए | ( शब्द सीमा लगभग 80 शब्द)